वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2015-2016

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग
(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र)

JOINT ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION

(for the State of Goa and Union Territories)

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग

(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र)

वित्तीय वर्ष 2015–16
के लिए

8वी वार्षिक रिर्पोट

(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 के अंतर्गत)

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग
गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र
वाणिज्य निकुंज, द्वितीय तल, एचएसआईआईडीसी परिसर,
उद्योग विहार, फेज–V, गुरूग्राम–122016 (हरियाणा)
E-mail: secy-jerc@nic.in
Website: www.jercuts.gov.in

विषय–वस्तु

क्र.सं.	विषय–वस्तु	पृष्ठ सं.
	अध्यक्ष महोदय की डेस्क से	
1.	**आयोग का संगठनात्मक ढांचा**	3
	1.1 प्रस्तावना	
	1.2 आयोग के सदस्यों का प्रोफाइल	4–5
	1.3 आयोग का कार्यालय	6
	1.4 संगठनात्मक संरचना	7
2.	**विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन आयोग की भूमिका**	
	2.1 अधिनियम की प्रस्तावना	8
	2.2 आयोग को अधिदेशित कार्य	8–9
3.	**वित्तीय वर्ष 2015–16 की विशेषताएं**	
	3.1 नए विनियमों का गठन/संशोधन	10
	3.2 प्रथम नियंत्रण अवधि के लिए कारोबार योजना और एआरआर तथा टैरिफ का निर्धारण	11–12
	3.3 जेईआरसी की अधिकारिता के अंतर्गत विद्युत कंपनियों के महत्वपूर्ण मानक	13
	3.4 राज्य सलाहकार समिति की बैठकें	14
	3.5 याचिकाओं की स्थिति	15
	3.6 विवादों और अंतरों का अधिनिर्णय	16–18
4.	**वार्षिक लेखे**	
	4.1 आय एवं व्यय विवरण	19–20
	4.2 शुल्क एवं प्रभार	21
5.	**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना के विवरण**	21
6.	**आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना**	22
7	**अनुलग्नक**	23–30

अध्यक्ष महोदय की डेस्क से

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के लिए) अगस्त, 2008 में अस्तित्व में आने के बाद से ही विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत इसे सौंपे गए कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहा है। 7 वर्षों से अधिक की अपनी यात्रा में, इसने सभी हितधारकों और उपभोक्ताओं, चाहे वे खुदरा हों या थोक, के हितों का ध्यान रखते हुए कंपनियों के कार्यनिष्पादन की निगरानी करने की भूमिका को प्रभावी तरीके से पूरा किया है।

आयोग ने सक्रियता से अपनी यात्रा आरंभ की और गोवा राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्रों के विद्युत क्षेत्र के लिए विनियामक संरचना में अधिक सुधार करने के अपने प्रयासों में वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान नई बुलंदियों को छुआ।

आयोग ने बहु–वर्ष वितरण विनियम, 2014 का गठन किया जिसके अनुसार पिछले वर्ष लाइसेंसधारकों को वित्त वर्ष 2015–16 से 2017–18 की अवधि के लिए प्रशुल्क निर्धारण और कारोबार योजना के लिए अपनी याचिकाएं प्रस्तुत करने का निर्देष दिया गया था। हालांकि, लाइसेंसधारकों द्वारा दायर याचिकाओं में पर्याप्त डाटा उपलब्ध न होने के कारण, आयोग ने एमवाईटी व्यवस्था के कार्यान्वयन को एक वर्ष तक स्थगित करने का निर्णय लिया। चालू वर्ष के दौरान, आयोग ने सभी लाइसेंसधारकों से कारोबार योजना और प्रशुल्क निर्धारण हेतु याचिकाएं प्राप्त की और लाइसेंसधारकों के संबंधित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में सार्वजनिक सुनवाई करने के बाद वित्त वर्ष 2016–17 से वित्त वर्ष 2018–19 की प्रथम नियंत्रण अवधि के लिए कारोबार योजना आदेश और प्रशुल्क आदेश सफलतापूर्वक जारी किए।

आयोग ने नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के अपने प्रयास अधिक उत्साह से जारी रखे। आयोग ने 8 मई, 2015 को सौर विद्युत – ग्रिड संयोजित ग्राउंड माउंटेड और सौर रूफटॉप और मीटरिंग विनियमन, 2015 अधिसूचित किए। उत्पादकों, लाइसेंसधारकों, उपभोक्ताओं और हितधारकों के मध्य अधिक जागरूकता और समझ पैदा करने के लिए, आयोग ने केंद्रित रवैया अपनाया और सभी संघ राज्य क्षेत्रों में सार्वजनिक सुनवाइयों के दौरान सौर विनियमनों और उनके प्रभावों की विस्तृत प्रस्तुति का प्रबंध किया।

उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए, आयोग ने उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरमों (सीजीआरएफ'स) और सीजीआरएफ के अध्यक्ष एवं सदस्यों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

आयोग ने राज्य सलाहकार समिति की बैठकों के माध्यम से उपभोक्ता संगठन, उद्योग संघों और अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों से संवाद किया। ये बैठकें नीति, लाइसेंसधारकों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की गुणवत्ता, निरंतरता और सीमा से संबंधित विषयों, लाइसेंसधारकों द्वारा लाइसेंस शर्तों के अनुपालन, उपभोक्ता हित और विद्युत आपूर्ति और कंपनियों के निष्पादन के समग्र मानकों के संरक्षण के महत्वपूर्ण प्रश्नों पर उपभोक्ताओं और हितधारकों के वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों के विचारों को समझने के लिए नियमित तौर पर आयोजित की जाती हैं। आयोग ने विद्युत क्षेत्र से संबंधित विभिन्न संगठनों से भी नियमित तौर पर संवाद किया।

एस.के. चतुर्वेदी,
अध्यक्ष

आयोग का संगठनात्मक ढांचा

1.1 प्रस्तावना

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 83 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार ने दिल्ली को छोड़कर सभी संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 'संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग' के नाम से ज्ञात एक दो सदस्यीय (अध्यक्ष सहित) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग, जिसका मुख्यालय दिल्ली में स्थित था, का गठन किया, जैसा कि दिनांक 2 मई, 2005 की अधिसूचना सं. 23/52/2003 – आरएंडआर द्वारा अधिसूचित किया गयाा। बाद में, गोवा राज्य के शामिल होने के बाद, आयोग को 'गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग' के नाम से जाना जाने लगा जो कि दिनांक 30 मई, 2008 की अधिसूचना सं. 23/52/2003 – आरएंडआर (खंड–II) द्वारा अधिसूचित किया गया। गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग ने अगस्त 2008 से कार्य करना आरंभ किया। आयोग का कार्यालय वर्तमान में हरियाणा के गुड़गांव नगर में एक किराए के भवन में अवस्थित है।

वर्ष के दौरान आयोग ने गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में एक उचित, पारदर्शी और निष्पक्ष विनियामक प्रक्रिया स्थापित करने का प्रयास किया है। आयोग की 8वीं वार्षिक रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान आयोग की गतिविधियों को प्रस्तुत करती है।

आयोग के पास, विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत किसी जांच अथवा कार्यवाही के प्रयोजन से वही शक्तियां हैं जो अधिनियम की धारा 94 की उप–धारा (1) के अंतर्गत सूचीबद्ध विषयों के संबंध में दीवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत किसी सिविल न्यायालय में निहित हैं।

आयोग के समक्ष चलने वाली सभी कार्यवाहियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 193 और 228 के अर्थों के अंतर्गत न्यायिक कार्यवाहियां माना जाता है और दंड संहिता प्रक्रिया, 1973 की धारा 345 और 346 के प्रयोजन के लिए आयोग को एक सिविल न्यायालय माना जाता है। आयोग को विद्युत उत्पादन कंपनियों और लाइसेंस जारीकर्ताओं के बीच उत्पन्न होने वाले सभी विवादों का निर्णय करने अथवा इनकी मध्यस्थता करने और इनका निपटान करने के लिए माध्यस्थ मनोनीत करने की संपूर्ण अधिकारिता है।

1.1 आयोग के सदस्यों का प्रोफाइल

श्री एस.के. चतुर्वेदी
अध्यक्ष

श्री एस.के. चतुर्वेदी ने लखनऊ विश्वविद्यालय से भूविज्ञान में एम.एससी. (विशेष) की उपाधि प्राप्त की और आंध्र प्रदेश उत्पादकता परिषद से कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंधों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हासिल किया। उन्होंने एएससीआई, हैदराबाद से एडवांस मैनेजमेंट कार्यक्रम में भी भाग लिया।

लगभग 35 वर्षों के कार्यकाल में, श्री एस.के. चतुर्वेदी ने प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों जैसे राष्ट्रीय खनिज विकास निगम, नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया और नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन में कार्य किया है। उन्हें थर्मल और जल दोनों ही क्षेत्रों में विद्युत उत्पादन और विद्युत पारेषण परियोजनाओं में अनुभव रखने का विशिष्ट श्रेय प्राप्त है।

अगस्त 2008 में, उन्हें एक नवरत्न केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, पावरग्रिड का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया, और उन्होंने विद्युत क्षेत्र के लिए भारत सरकार की ग्यारहवीं और बारहवीं पंचवर्षीय योजना लक्ष्यों के लिए पारेषण प्रणाली विकसित करने की चुनौती स्वीकार की। उनके नेतृत्व में, वित्तीय वर्ष 2008–09, 2009–10 व 2010–11 के दौरान पावरग्रिड ने, अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की जैसे बजट उपयोगिता लक्ष्य और समग्र समझौता ज्ञापन लक्ष्यों में वृद्धि करना, पावरग्रिड में शेयरों को सफलतापूर्वक पेश करना, राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं जैसे राष्ट्रीय लोड डिस्पैच सेंटर (एनएलडीसी) परियोजना और अफगानिस्तान में प्रतिष्ठित परामर्शी एसाइनमेंट इत्यादि को समय पर प्रारंभ करना।

श्री चतुर्वेदी ने जेईआरसी में मई, 2012 में आरंभ में सदस्य तथा बाद में फरवरी, 2014 में अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

उन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें उल्लेखनीय हैं – विश्व एचआरडी कांग्रेस द्वारा 'श्रेष्ठ सीईओ पुरस्कार 2009', श्रेष्ठ एचआर पद्धतियों के लिए ''नेशनल एचआरडी नेटवर्क पुरस्कार'', भारतीय जन संपर्क सोसाइटी द्वारा ''पीआर उत्कृष्टता पुरस्कार'' और प्रबंधन के क्षेत्र में वृत्तिक योगदान के लिए एआईएमए की फेलोशिप।

श्री चतुर्वेदी ने ''विश्व के अत्यंत वृहद ऊर्जा ग्रिड ऑपरेटर्स'' के अध्यक्ष तथा ''सीबीआईपी'' के उपाध्यक्ष के पदों पर भी कार्य किया। वर्तमान में वे ''आईआईपीई'' के अध्यक्ष पद पर हैं।

श्रीमती नीरजा माथुर
सदस्य

वर्ष के दौरान, श्रीमती नीरजा माथुर ने दिनांक 26.08.2015 से संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए) के सदस्य का कार्यभार संभाला। पहले, श्रीमती नीरजा माथुर 01.11.2013 से 31.12.2014 तक केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष पद पर रहीं। सीपीईएस कैडर की अधिकारी, श्रीमती नीरजा माथुर जुलाई 1979 में संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से सहायक निदेशक के रूप में सीईए में शामिल हुई थी और उनके पास सीईए में विभिन्न पदों पर अपने व्यापक और विविध कार्य अनुभव के दौरान विद्युत क्षेत्र के विकास में लगभग 34 वर्षों का बहुमुखी अनुभव है। श्रीमती नीरजा माथुर आईआईटी, रूड़की से स्नातक डिग्री तथा आईआईटी, दिल्ली से एम.टेक डिग्री के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की विधा में एक तकनीकी प्रोफेषनल हैं।

विद्युत प्रणाली संरक्षण और इंस्ट्रूमेंटेशन तथा पारेषण योजनाओं के क्षेत्र में आरंभिक प्रतिबंध के चलते, श्रीमती नीरजा माथुर ने विद्युत क्षेत्र में योजना, भार प्रेषण और दूरसंचार सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य किया। समेकित संसाधन योजना प्रभाग में निदेशक और मुख्य अभियंता के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, श्रीमती नीरजा माथुर अल्पावधि और दीर्घावधि दोनों प्रकार के उत्पादन योजना और भार पूर्वानुमान से संबंधित रही। देश में समेकित संसाधन नियोजन के लिए पंचवर्षीय योजना अवधियों के लिए राष्ट्रीय विद्युत योजना और कार्यकारी समूह रिपोर्टें तैयार करने में वे अतिसक्रिय तौर पर संलग्न रहीं। वे विस्तृत रूप से 11वीं योजना और 12वीं और 13वीं योजना के परिप्रेक्ष्य में अप्रैल 2007 में बनाई गई राष्ट्रीय विद्युत योजना तैयार करने में सहायक रहीं। प्रचालन अनुवीक्षण प्रभाग के मुख्य अभियंता के रूप में, उन्हें देश में विद्युत स्टेशनों की ईंधन निगरानी और ईंधन की उपलब्धता से संबंधित मुद्दों के समाधान का काम सौंपा गया।

श्रीमती नीरजा माथुर ने ग्रिड प्रबंधन, वितरण प्रणाली कार्यशीलता और उत्पादन इकाइयों के प्रचालन निष्पादन की जिम्मेदारी के साथ 1 मार्च, 2013 से सदस्य (ग्रिड प्रचालन एवं वितरण), सीईए और भारत सरकार के पदेन अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। 1 नवम्बर 2013 से सीईए के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल में, श्रीमती नीरजा माथुर पूर्णरूप से देष के विद्युत क्षेत्र के सभी पहलुओं के समग्र नियोजन और समन्वय में संलिप्त रहीं। उन्होंने उत्पादन क्षमता वर्धन और वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करने के साथ ही पारेषण प्रणाली के अनुरूप विकास को सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया।

सीईए के अध्यक्ष के पद से संलग्न जिम्मेदारियों के भाग रूप में, श्रीमती नीरजा माथुर केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) के महत्वपूर्ण मामलों से, सीईआरसी की पदेन सदस्य के रूप में, संबद्ध हैं। अपनी व्यावसायिक निपुणता की वजह से, वह विद्युत क्षेत्र से संबद्ध महत्वपूर्ण समितियों/समूहों की अध्यक्ष/सदस्य रही हैं/हैं।

1.3 आयोग का कार्यालय

आयोग गुड़गांव, हरियाणा में उद्योग विहार में एचएसआईआईडीसी भवन में स्थित किराए के परिसर के माध्यम से प्रचालन करता है। आयोग का कार्यालय लोकल एरिया नेटवर्क (लैन) से जुड़ा हुआ है, जो कोई उपयोगी संदर्भ जानकारी हासिल करने के लिए उपयोगी है। आयोग की अपनी वेबसाइट (www.jercuts.gov.in) है, जिसे इसके सचिवालय द्वारा पुनः डिजाइन किया गया है और नियमित रूप से इसका रखरखाव और अपडेट किया जाता है। इस वेबसाइट का प्रयोग सुनवाई कार्यक्रमों, समाचारों, अपडेट की जानकारी देने, संकल्पना पत्रों, विनियमों, याचिकाओं पर टिप्पणियां आमंत्रित करने और अधिसूचित विनियमों, आयोग के आदेशों, संबंधित विवरणों इत्यादि को अपलोड करने के लिए किया जाता है। यह उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरमों और ओम्बड्समैन पर जानकारी और उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों के निवारण के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

वर्ष के दौरान, श्रीमति रिंकू गौतम, एचपीईआरसी से निदेशक (टीई) 21.09.2015 से प्रतिनियुक्ति पर निदेशक (वित्त एवं विधि) के रूप में तथा श्रीमति कविता वर्मा 01.10.2015 से प्रतिनियुक्ति पर प्रधान निजी सचिव के रूप में आयोग में शामिल हुई।

जेईआरसी, गुड़गांव के कोर्ट रूम में सुनवाई

1.4 संगठनात्मक संरचना

स्वीकृत और कार्यरत कर्मचारी संख्या के आधार पर संगठनात्मक संरचना निम्न प्रकार से है:



*रिक्त

2. विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत आयोग की भूमिका

2.1 अधिनियम की प्रस्तावना

विद्युत अधिनियम, 2003 का उद्देश्य उत्पादन, पारेषण, वितरण, व्यापार और प्रयोग से संबंधित विधियों को सुदृढ़ बनाना तथा सामान्यतः विद्युत उद्योग के विकास, उसमें विद्यमान प्रतिस्पर्धा के संवर्धन, उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण तथा पारदर्शी नीतियों को सुनिश्चित करते हुए विद्युत टैरिफों को युक्तिसंगत बनाकर सभी क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति के लिए अनुकूल प्रयास करना है।

2.2 आयोग को अधिदेशित कार्य

विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत जेईआरसी गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में, वहनीय दरों पर विद्युत की विश्वस्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी को पूरा करते हुए सभी हितधारकों के हितों को संतुलित करते हुए एक सक्षम और आर्थिक रूप से जीवंत विद्युत प्रणाली निर्मित करने के प्रति प्रतिबद्ध है और गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में लाइसेंसधारकों और उत्पादन कंपनियों के हितों का रक्षण करने के साथ ही उपभोक्ताओं को एक उचित व्यवहार प्रदान करने के अपने दायित्वों के निर्वहन में पारदर्शिता, जवाबदेही, समानता और भागीदारी के सिद्धांतों से प्रेरित है। उपरोक्त की प्राप्ति के लिए, आयोग को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86(1) के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य करने का अधिदेश दिया गया है:

क) यथास्थिति, राज्य के अंदर थोक, बहुतायत या खुदरा में विद्युत उत्पादन, आपूर्ति, पारेषण, चक्रण के लिए टैरिफ अवधारित करना;

बशर्ते कि जहां उपभोक्ताओं की किसी श्रेणी को धारा 42 के अंतर्गत ओपन एक्सेस प्रदान किया गया हो, तो राज्य आयोग उपभोक्ताओं की उक्त श्रेणी के लिए केवल चक्रण प्रभार और उस पर अधिभार, यदि कोई हो का निर्धारण करेगा;

ख) वितरण लाइसेंसधारकों की विद्युत क्रय और अधिप्राप्ति प्रक्रिया को विनियमित करना, जिसमें वह मूल्य भी शामिल है, जिस पर राज्य के भीतर विद्युत के वितरण और आपूर्ति के लिए उत्पादक कंपनियों अथवा लाइसेंसधारकों अथवा विद्युत की खरीद के लिए करारों के माध्यम से अन्य स्रोतों से बिजली अधिप्राप्त की जाएगी;

ग) विद्युत के अंतर्राज्यीय पारेषण और चक्रण को सहायता प्रदान करना;

घ) राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के अंदर, उनके प्रचालनों के संबंध में पारेषण लाइसेंसधारकों, वितरण लाइसेंसधारकों और विद्युत व्यावसायियों के रूप में कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों को लाइसेंस जारी करना;

ङ) ग्रिड के साथ संयोजनता तथा किसी व्यक्ति को बिजली के विक्रय के लिए उपयुक्त उपायों का प्रावधान करके नवीकरणीय स्रोतों से विद्युत के सह–उत्पादन और उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा साथ ही, ऐसे स्रोतों से विद्युत की खरीद के लिए वितरण लाइसेंस के क्षेत्र में बिजली की कुल खपत का प्रतिशत विहित करना;

च) लाइसेंसधारकों और उत्पादक कंपनियों के बीच विवादों का निर्णय करना तथा किसी अन्य विवाद को माध्यस्थम के लिए निर्दिष्ट करना;

छ) इस अधिनियम के अंतर्गत विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए शुल्क का उद्ग्रहण करना;

ज) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता (आईईजीसी) से सुसंगत राज्य ग्रिड

संहिता विनिर्दिष्ट करना;

झ) लाइसेंसधारकों द्वारा सेवा की गुणवत्ता, अनवरतता और विश्वसनीयता के संबंध में सन्नियमों को निर्दिष्ट अथवा प्रवर्तित करना;

ञ) यदि आवश्यक समझा जाए, तो विद्युत के अंतर्राज्यीय व्यवसाय में व्यवसाय संभावना को नियत करना;

ट) ऐसे अन्य कार्यों का निर्वहन जो अधिनियम के अंतर्गत इसे विनिर्दिष्ट किए जाएं।

अधिनियम की धारा 86 (2) के अनुसार, आयोग निम्नलिखित सभी अथवा इनमें से किसी एक मामले पर राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकार को परामर्श देगा:

i) विद्युत उद्योग के क्रियाकलापों में प्रतिस्पर्धा, दक्षता और मितव्ययता को प्रोत्साहित करना;

ii) विद्युत उद्योग में निवेश को प्रोत्साहित करना;

iii) राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों में विद्युत उद्योग का पुनर्गठन और पुनर्संरचना; और

iv) विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण और व्यवसाय से संबंधित मामले तथा सरकार द्वारा संयुक्त आयोग को निर्दिष्ट किया गया कोई अन्य मामला;

धारा 86(3) के संबंध में, आयोग अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए अपने अधिकारों का प्रयोग करते समय पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा; और धारा 86(4) के अनुसार, अपने कार्यों के निर्वहन में विद्युत अधिनियम, 2003, राष्ट्रीय विद्युत नीति, राष्ट्रीय विद्युत योजना और टैरिफ नीति द्वारा आयोग का मार्गदर्शन किया जाएगा।

जेईआरसी की चुनौतियों के बारे में आयोग ने विद्युत मंत्रालय को अवगत कराया

3. वित्तीय वर्ष 2015–16 की विशेषताएं

3.1 नए विनियमों का गठन

(i) आयोग ने अब तक 19 विनियम गठित और अधिसूचित किए हैं, जिनमें वर्ष के दौरान गठित नए विनियम शामिल हैं।

वर्ष के दौरान, ग्रिड संयोजित सोलर रूफटॉप विनियम, 2015 राष्ट्रीय सौर मिशन के अनुरूप 15 मई, 2015 को आयोग द्वारा निर्मित और अधिसूचित महत्वपूर्ण विनियमों में से एक था, जो इसलिए अनूठे हैं कि वे सकल मीटरिंग के साथ ही निवल मीटरिंग जो भी माध्यम उत्पादक/उपभोक्ता को प्रेरित करता हो, की अनुमति प्रदान करते हैं। इनमें समूह निवल मीटरिंग, मुफ्त बैंकिंग और चक्रण सुविधा, आवासीय तथा वाणिज्यिक सहकारिताओं, इत्यादि हेतु प्रावधान भी हैं।

सौर विनियमों की अवधारणाओं और प्रावधानों को प्रोत्साहित करने और बेहतर समझ पैदा करने के लिए, आयोग ने अपनी अधिकारिता के अंतर्गत, एमवाईटी याचिकाओं के लिए आयोजित सार्वजनिक सुनवाइयों के साथ ही, सभी संघ राज्य क्षेत्रों में उत्पादकों/हितधारकों/उपभोक्ताओं की एक विशेष सुनवाई आयोजित की।

इन उपभोक्ता हितैषी विनियमों ने चंडीगढ़ को सर्वाधिक रूफटॉप स्थापनों वाला संघ राज्य क्षेत्र बनने में सक्षम बनाया है। आयोग के अन्य सभी संघ राज्य क्षेत्रों में भी अनेक सौर स्थापन लग गए हैं।

अपनी अधिकारिता के अंतर्गत आयोग सभी संघ राज्य क्षेत्रों से नवीकरणीय क्रय बाध्यताओं (आरपीओ'ज) का अनुपालन कराने में सफल रहा है।

(ii) वर्ष के दौरान, आयोग ने समयावधि के दौरान प्राप्त अनुभवों और हितधारकों से प्राप्त प्रत्युत्तरों के आलोक में कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों जैसे निगरानी प्रणाली, शिकायतें दर्ज करने के लिए प्रारूपों, आवधिक रिपोर्टों इत्यादि की व्यवस्था के लिए विनियमों को अधिक व्यापक एवं परिपूर्ण बनाने के लिए जेईआरसी (निष्पादनों के मानक) को रद्द कर दिया।

तदनुसार, आयोग ने दिनांक 24.07.2015 को जेईआरसी (वितरण लाइसेंसधारकों के लिए निष्पादन के मानक) अधिसूचित किया।

3.1.1 विनियमों में संशोधन

जेईआरसी लगातार विद्युत क्षेत्र में नवीनतम विकास के चलते विनियमों की समीक्षा करता रहता है। संशोधित एवं वृथित विनियम इस प्रकार है।

(i) ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के विकास को अधिक वृहद स्तर पर प्रोत्साहित करने और बढ़ाने की केन्द्र सरकार की नई नीतिगत पहलों और इस पर विशेष जोर, कार्यान्वयन की प्रशासनिक और प्रचालन योग्यता पर विचार करते हुए तथा समयावधि के दौरान हासिल अनुभव के आधार पर, आयोग ने जेईआरसी (नवीकरणीय ऊर्जा की अधिप्राप्ति) दूसरा संशोधन विनियम, 2015 में संषोधन करते हुए दिनांक 22 दिसंबर, 2015 को विधिवत अधिसूचित किया।

आयोग द्वारा सौर विद्युत करार तथा सौर विद्युत उत्पादन का अवलोकन

3.2 प्रथम नियंत्रण अवधि के लिए व्यवसाय योजना तथा एआरआर और टैरिफ निर्धारण

इस वर्ष आयोग ने बहु–वर्षीय टैरिफ (एमवाईटी) संरचना का कार्यान्वयन किया जिसके अंतर्गत इसे तीन वर्षों की प्रथम नियंत्रण अवधि अर्थात् इसके नियंत्रण के अधीन सभी कंपनियों के लिए वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए व्यवसाय योजना और कुल राजस्व अपेक्षाओं का अनुमोदन करना था। आयोग को अपनी अधिकारिता के अधीन बिजली विभागों के लिए पिछले वित्तीय वर्षों के लिए वार्षिक निष्पादन समीक्षा और ट्रू–अप्स के परिणामी प्रभावों पर विधिवत विचार

करते हुए वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए बिजली के वितरण व्यवसाय के लिए टैरिफ का भी निर्धारण करना था।

वर्ष के दौरान, आयोग ने वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 की नियंत्रण अवधि के लिए व्यवसाय योजना के अनुमोदन के लिए सभी सात कंपनियों से याचिकाएं प्राप्त की। व्यवसाय योजना का प्रमुख विषय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की विद्युत जरूरतों को पूरा करने से संबंधित विभिन्न योजनाओं/कार्यों की पहचान, नुकसानों में कमी के माध्यम से निष्पादन दक्षता में सुधार और उपभोक्ताओं को आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार है। याचिका के साथ प्रस्तुत जानकारी और दस्तावेजों की विस्तृत जांच और बाद में तकनीकी वैधीकरण सत्रों के दौरान, हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों और सार्वजनिक सुनवाइयों के दौरान प्रदान की गई जानकारी के बाद, आयोग ने सभी सात कंपनियों के लिए व्यवसाय योजना आदेश पारित किए।

व्यवसाय योजना याचिकाओं के अनुमोदन के बाद, आयोग ने पहली नियंत्रण अवधि के लिए कुल राजस्व अपेक्षाओं (एआरआर) के निर्धारण के लिए सभी लाइसेंसधारकों से प्राप्त एमवाईटी याचिका(ओं) का निस्तारण कर दिया। आयोग ने लाइसेंसधारकों द्वारा एमवाईटी याचिकाओं के भाग रूप में, पिछले वर्षों के लिए वार्षिक निष्पादन समीक्षा (अनुमोदित एवं संषोधित/वास्तविक अंकेक्षित आंकड़ों के मध्य अंतर का विश्लेषण करने के लिए) और ट्रू–अप्स (अनुमोदित एवं लेखापरीक्षित आंकड़ों के मध्य अंतरों का विश्लेषण करने के लिए) से संबंधित प्रस्तुतियों पर भी विचार किया। याचिका में प्रदान की गई जानकारी के आधार पर और बाद में तकनीकी वैधीकरण सत्रों के दौरान, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में संचालित सार्वजनिक सुनवाइयों से पहले और उस समय प्राप्त हितधारकों/उपभोक्ताओं से प्राप्त टिप्पणियों, और उचित परिश्रम, विवेकपूर्ण जांचों और कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए, आयोग ने वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एमवाईटी एआरआर आदेशों का अनुमोदन किया और वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए टैरिफ निर्धारित किया।

कंपनियों के अधिकांश टैरिफ आदेश निर्धारित समय के अंदर जारी किए गए और वे सभी विभागों को भली–भांति प्राप्त हो गए हैं।

3.2 जेईआरसी की अधिकारिता के अधीन बिजली कंपनियों के महत्वपूर्ण पैरामीटर

वित्तीय वर्ष 2015–16 (*)

		कंपनियां						
क्र. सं.	विवरण	चंडीगढ़	गोवा	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	पुदुच्चेरी	दादर एवं नागर हवेली	दमन एवं दीव	लक्षद्वीप
1	उपभोक्ताओं की संख्या	216184	620047	131230	441910	66083	58979	21695
2	संयोजन भार (kW/kVA में)	1454240	2757234	188381	N.A.	1416853.53	826123 kVA	8424 kVA
3	ऊर्जा बिक्री (मि.यू.)	1510	3233	234.20	2700.00	5476.49	1684.58	50.31
4	संशोधित टैरिफ से प्राप्त राजस्व (करोड़ रु.)	664.4	1322.62	126.00	1263.51	2432.77	847.41	14.82
5	आपूर्ति की औसत लागत (एसीओएस) (रु./किवाघं)	4.40	4.09	28.02	4.64	4.21	5.26	21.23
6	औसत टैरिफ (रु./किवाघं)	4.92	3.52	5.40	4.68	4.44	5.03	2.95
7	कुल राजस्व अपेक्षा (करोड़ रु.)	742.50	1323.73	656.32	1253.05	2307.53	885.68	106.81
8	वर्ष के लिए निवल (अंतर) /अधिशेष (करोड़ रु.)	(78.10)	(1.11)	(539.05)	10.46	125.24	(38.27)	(91.99)
9	टीएंडडी नुकसान (%)	13.75%	11.50%	17.00%	11.75%	4.70%	8.60%	14.00%
10	क्षेत्रीय पारेषण नुकसान	3.78%	3.71%	N.A. (**)	4.67%	3.71%	3.71%	N.A. (**)
10	एसीओज के प्रतिशत के तौर पर औसत टैरिफ (%)	111.8%	86.08%	19.27%	100%	105%	96%	13.90%
11	एसीओज के % के तौर पर घरेलू	80.22%	64.30%	12%	55.34%	58.07%	50%	N.A.
12	एसीओज के % के तौर पर वाणिज्यिक	115.23%	127.02%	2.3%	112.18%	73.01%	68.28%	N.A.
13	एसीओज के % के तौर पर औद्योगिक	116.36%	109.84%	18%	119.23%	101.27%	107.98%	N.A.
14	एसीओज के % के तौर पर कृषि	52.2%	44.38%	5%	6.84%	19.04%	16.60%	N.A.
15	कुल राजस्व के % के तौर पर घरेलू राजस्व	35.5%	13.13%	33%	14.29%	1.08%	2.79%	N.A.
16	कुल राजस्व के के तौर पर वाणिज्यिक राजस्व	37%	9.95%	33%	8.76%	0.38%	2.09%	N.A.
17	कुल राजस्व के % के तौर पर औद्योगिक राजस्व	18.83%	72.08%	6%	75.32%	94.66%	86.32%	N.A.
18	कुल राजस्व के % के तौर पर कृषि राजस्व	0.06%	0.40%	0.11%	0.14%	0.02%	0.02%	N.A.

(*) आंकड़े वित्तीय वर्ष 2015–16 के समीक्षा आदेश से लिए गए हैं।

(**) क्षेत्रीय/राष्ट्रीय ग्रिड से संयोजित नहीं।

3.3 राज्य सलाहकार समिति की बैठकें

जेईआरसी ने विद्युत अधिनियम, 2003 के संबंध में, वाणिज्य, उद्योग, परिवहन, कृषि, उपभोक्ताओं, गैर सरकारी संगठनों, षिक्षा और अनुसंधान के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक राज्य सलाहकार समिति का गठन किया है। आयोग निम्नलिखित मुद्दों पर विचार करने के लिए नियमित तौर पर बैठकें आयोजित करता है:

i) नीतिगत प्रमुख प्रश्नों;

ii) लाइसेंसधारकों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, निरंतरता और सीमा से संबंधित मामलों;

iii) लाइसेंसधारकों द्वारा उनके लाइसेंसों की शर्तों और अपेक्षाओं का अनुपालन;

iv) उपभोक्ता हितों का संरक्षण;

v) बिजली की आपूर्ति और कंपनियों द्वारा निष्पादन के समग्र मानक।

वर्ष के दौरान आयोग ने क्रमशः 19 जून, 2015 को पुदुच्चेरी और 18 दिसंबर, 2015 को दीव में दो राज्य सलाहकार समिति बैठकें (9वीं और 10वीं बैठकें) आयोजित कीं।

19.06.2015 को पुदुच्चेरी में आयोजित राज्य सलाहकार समिति की 9वीं बैठक

3.5 वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान याचिकाओं की स्थिति

01.04.2015 को याचिकाएं	2
वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान प्राप्त याचिकाएं	40
वित्तीय वर्ष 2015–16 में कुल याचिकाएं	42
वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान निपटान की गई याचिकाएं	39
31.03.2016 को याचिकाएं	3

31.03.2016 को लंबित याचिकाओं का विवरण निम्नानुसार है:

1. **याचिका सं. 174/2015** : जेईआरसी (व्यवसाय का आयोजन) विनियमन, 2009 के विनियमन 70 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 142 के अंतर्गत शिकायत से संबंधित मैसर्स सूर्यचक्रा पावर कॉरपोरेशन लि. बनाम विद्युत विभाग–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के मामले में।

   इस मामले में अंतिम सुनवाई 10.08.2015 को हुई थी। जैसा कि माननीय एपीटीईएल और माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष समान मामला लंबित है इसलिए आयोग ने याचिकाकर्ता के अनुरोध पर उच्च न्यायालयों द्वारा मामले के निपटान तक मामले को स्थगित कर दिया है।

2. **याचिका सं. 175/2015** : वित्तीय वर्ष 2010–11 से वित्तीय वर्ष 2014–15 तक बाध्यकारी इकाईयों द्वारा जेईआरसी (नवीकरणीय ऊर्जा की अधिप्राप्ति) विनियमन, 2010 के विनियमन 1 (आरपीओ की प्रमात्रा) के अंतर्गत विनिर्देषित सोलर आरपीओ के गैर–अनुपालन के संबंध में मैसर्स ग्रीन एनर्जी एसोसिएषन (याचिकाकर्ता) बनाम जेईआरसी के क्षेत्राधिकार के अधीन विद्युत वितरण जनउपयोगिताओं के मामले में।

   इस मामले पर अंतिम सुनवाई 27.11.2015 को हुई थी जिसमें आयोग ने यह पाया कि न तो याचिकाकर्ता और न ही प्रतिवादियों ने अपने पक्ष के समर्थन में कोई शपथपत्र प्रस्तुत नहीं किया था। इसलिए आयोग ने निर्धारित शपथपत्र प्राप्त होने के बाद ही सुनवाई निर्धारित करने का निर्णय लिया।

3. **याचिका सं. 184/2015** : विद्युत खरीद समझौता दिनांक 10.01.1997 के अंतर्गत याचिकाकर्ता और प्रतिवादी के बीच उत्पन्न विवाद के संबंध में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 14 के अंतर्गत प्रतिवादी के लाइसेंस क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति के लिए याचिकाकर्ता द्वारा बिछाए गए नेटवर्क को अपने अधिकार में लेने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86(1) (च) के अधीन मैसर्स रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड बनाम विद्युत विभाग–गोवा के मामले में।

   इस मामले में अंतिम सुनवाई 08.01.2016 को हुई थी। आगे की सुनवाई याचिकाकर्ता/प्रतिवादी के अनुरोध पर बहस पूरी होने तक विलम्बित की गई है।

4. इसके अलावा, आयोग ने अपनी स्वेच्छा से मीटरिंग के क्षेत्र एवं जनउपयोगिताओं की बिलिंग स्थिति में एक स्वयंप्रेरित (स्वो–मोटो) याचिका भी दी है जो लाइसेंसधारक के साथ–साथ उपभोक्ताओं/स्टेकहोल्डरों को ध्यान में रखते हुए बहुत जरूरी है। यह लाइसेंसधारक द्वारा मीटरिंग एवं बिलिंग निर्देषों के पूर्ण अनुपालन तक एक नियमित याचिका है।

3.6 विवादों एवं मतभेदों का निर्णय

विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रस्तावना में उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा का विशेष उल्लेख दर्शाता है। इसके अलावा आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक विद्युत वितरण लाइसेंसधारी द्वारा धारा 42(5) के अंतर्गत उपभोक्ताओं के शिकायतों के निपटान के लिए मंच का गठन करना जरूरी है। इसके अलावा, अधिनियम की धारा–42 की उपधारा (6) के अंतर्गत आयोग द्वारा नियुक्त या पदनामित किए गए अनुसार लोकपाल के रूप में एक प्राधिकारी को नियुक्ति का प्रावधान भी है। उप–धारा (5) के अंतर्गत कोई भी बिजली उपभोक्ता जो अपनी शिकायत के निपटान से संतुष्ट नहीं है वह लोकपाल के समक्ष अपनी शिकायत के निपटान के लिए आवेदन कर सकता है।

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी), गोवा एवं संघ राज्य क्षेत्र, ने ''जेईआरसी (उपभोक्ताओं की शिकायतों के निपटान के लिए मंच का गठन) विनियमन 2009'' और जेईआरसी (लोकपाल की नियुक्ति एवं कार्यप्रणाली) विनियमन, 2009'' अधिसूचित किया है। ये गोवा राज्य एवं अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, चंडीगढ़, दादरा एवं नागर हवेली, दमन एवं द्वीप, लक्षद्वीप और पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र में लागू हैं। ये उपभोक्ताओं की शिकायतों के निपटान के लिए प्रक्रियाओं एवं दिशानिर्देशों का पालन करते हैं। ये विनियमन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

- **सीजीआरएफ की स्थापना**

बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निपटान के लिए गोवा राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र में वितरण लाइसेंसधारी/विद्युत विभाग द्वारा स्थापित उपभोक्ता शिकायत निपटान मंच (सीजीआरएफ) वर्तमान में सभी संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यरत है जिसका विस्तृत विवरण अनुलग्नक–1 में दिया गया है।

प्रत्येक सीजीआरएफ के पास विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन धारा 126 एवं 127 (बिजली का अनाधिकृत उपयोग), धारा 135 से 139 (बिजली की चोरी और उसके अधीन अपराध एवं दंड), और धारा 161 (दुर्घटना आदि की सूचना) को छोड़कर वितरण लाइसेंसधारी/विद्युत विभाग द्वारा प्रदान की जा रही बिजली के संबंध में उपभोक्ताओं की शिकायतों/समस्याओं पर विचार करने एवं उसके निपटाने का अधिकार है।

सभी सीजीआरएफ में उपभोक्ताओं द्वारा दाखिल की जाने वाली शिकायतों के लिए मॉडल प्रक्रियाएं उपलब्ध कराई गई हैं और यह जेईआरसी वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। सीजीआरएफ को सलाह दी गई है कि वह उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों के निपटान के लिए उसके द्वारा बनाई गई प्रक्रियाओं के बारे में बताएं और इसे विभिन्न बिल संग्रह केन्द्रों और लाइसेंसधारी के उप–क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर प्रदर्शित कर इसका प्रचार करें। यह भी सलाह दी गई है कि शिकायतों के निपटान की प्रक्रियाओं की प्रतियां सीजीआरएफ के कार्यालयों में रखी जाए जिससे बिजली उपभोक्ता अपने जानकारी एवं ज्ञान के लिए बिना किसी परेशानी के इसे प्राप्त कर सकें।

वर्ष के दौरान सीजीआरएफ द्वारा निपटाई गई शिकायतें

सीजीआरएफ का क्षेत्राधिकार सीजीआरएफ द्वारा निपटाई गई शिकायतें	गोवा	चंडीगढ़	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	लक्षद्वीप	दमन एवं द्वीव	पुदुच्चेरी	दादर एवं नागर हवेली
पिछले वर्ष की समाप्ति पर बकाया षिकायतों की सं.	11	47	01	3	2	8	5
वर्ष के दौरान प्राप्त षिकायतों की सं.	54	198	21	6	19	76	36
वर्ष के दौरान निपटान की गई षिकायतें	50	223	17	9	21	80	38
वर्ष के अंत में लंबित षिकायतों की सं.	16	22	05	0	0	04	03
दो माह से अधिक अवधि से लंबित षिकायतों की सं.	15	9	Nil	Nil	Nil	Nil	NIl
वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की सं.	33	98	105	39	22	248	18

विद्युत लोकपाल

आयोग ने गोवा राज्य और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह चंडीगढ़, दादर एवं नागर हवेली, दमन एवं द्वीव, लक्षद्वीप और पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत गोवा राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक सांविधिक प्राधिकरण के रूप में विद्युत लोकपाल नियुक्त किया है। कोई भी उपभोक्ता जो सीजीआरएफ द्वारा उसकी शिकायत या समस्या के न निपटाए जाने से असंतुष्ट है तो उसके पास अपनी शिकायत/समस्या या विवाद को लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत करने का विकल्प है।

लोकपाल सबसे पहले शिकायतकर्ता और लाइसेंसधारी के बीच समझौता या मध्यस्था के माध्यम से आपकी सहमति द्वारा विवाद को निपटाने का प्रयास करता है लेकिन ऐसा न होने पर संबंधित पार्टियों अर्थात उपभोक्ता और लाइसेंसधारी विभाग के तर्कों के आधार पर विवाद के मामले पर निर्णय लेता है।

लोकपाल के समक्ष अपनी शिकायत जमा करने की विस्तृत प्रक्रिया बनाई गई है और इसे आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है। इसे अधिक से अधिक प्रचार के लिए सीजीआरएफ और लाइसेंसधारी के पास भी भेजा गया है।

वर्ष 2015–16 के दौरान, गोवा राज्य एवं चंडीगढ़, दादर एवं नागर हवेली, पुदुच्चेरी और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संघ राज्य क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत की गई 28 शिकायतों/अपीलों में से 25 उपभोक्ता के पक्ष में निपटाई गई। इन शिकायतों की संख्या एवं विषय वस्तु अनुलग्नक–2 में दी गई है।

नई दिल्ली में 21.05.2015 को सीजीआरएफ और लोकपाल की भूमिका पर एक दिवसीय कार्यशाला

4. आयोग के वार्षिक लेखें

पिछले वित्तीय वर्ष 2014–15 से संबंधित रु. 14.67 लाख की बचत के अतिरिक्त आयोग को अनुदान–सह–सहायता के रूप में वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए बीई में रु. 570 लाख का बजट आबंटित किया गया

4.1 वर्ष 2015–16 के लिए रिकार्ड के अनुसार आय एवं व्यय का विवरण

क्र.सं.	विवरण	आय (रु. लाख)	व्यय (रु. लाख)
	हाथ में राशि अग्रानीत	14.67	
क	आय		
	अनुदानों/ऋणों/छूटों द्वारा		
	भारत सरकार से (अनुदान सहायता)	100.00	—
	निम्नलिखित संस्वी.ति संख्या और तारीखों द्वारा प्राप्त सहायतानुदान		
	i. 47/6/2010-**आर एंड आर** 23.04.2015	285.00	—
	ii. 47/6/2010-**आर एंड आर** 06.08.2015	185.00	—
	iii. 47/6/2010-**आर एंड आर** 29.12.2015	285.00	—
	कुल	**570.00**	
	एफओआर से प्राप्त अंशदान/शुल्क		
	रायल्टी, प्रकाशन आदि द्वारा	—	
	बचत खाते पर ब्याज	—	
	वितरण लाइसेंसधारी से लोकपाल व्यय की प्रतिपूर्ति	40.13	
ख	**व्यय:**		
1.	वेतन (आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य)	—	36.66
2.	वेतन (अधिकारी एवं प्रतिष्ठान)	—	77.55
3.	व्यावसायिकों एवं अन्य सेवाओं के लिए भुगतान		
	(क) व्यावसायिक	—	71.36
	(ख) अन्य सेवाएं	—	40.26
	(i) कार्मिकों की आउटसोसिंग 35.07	—	—
	(ii) हाउसकीपिंग कार्य के लिए आउटसोर्सिंग 3.07	—	—
	(iii) सुरक्षा कार्मिकों की आउटसोर्सिंग 2.12	—	—
4.	घरेलू यात्रा	—	42.41
5.	विदेशी यात्रा	—	—

6.	सीपीएफ *	__	1.44
7.	विद्युत एवं ऊर्जा	__	10.16
8.	किराया दर एवं कर	__	144.99
9.	वाहन (वाहन का किराया)	__	15.60
10.	डाक, टेलीफोन एवं संचार शुल्क	__	3.96
11.	मुद्रण एवं लेखन सामग्री	__	1.87
12.	एफओआर/एफओआईआर आदि को शुल्क	__	12.60
13.	सेमिनार एवं बैठकें		8.8
14.	कानूनी शुल्क	__	2.90
15.	विज्ञापन एवं प्रकाशन	__	13.44
16.	**अन्य:**		
	(क) कार्यालय व्यय 11.15	__	11.23
	(ख) बैंक प्रभार 0.08	__	__
	(ग) विविध	__	__
17.	मशीनरी एवं उपकरण	__	4.25
18.	फर्नीचर एवं फिक्चर	__	—
19.	लोकपाल पर व्यय	__	43.84
	कुल	__	**551.33**
	बैंक शेष	__	**73.47**
	कुल	**624.80**	**624.80**
*	**सीपीएफ अध्यक्ष एवं सदस्य के संबंध में सरकारी अशंदान है**		

4.2 शुल्कों एवं प्रभारों का विवरण

वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क

क्र. सं.	प्राप्ति की तिथि	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/अन्य	राशि (रु. में)
1.	20.04.2015	विद्युत विभाग, चंडीगढ़	37,74,000
2.	04.06.2015	विद्युत विभाग, दमन एवं द्वीव	41,94,000
3.	17.02.2016	विद्युत विभाग, डीएनएचपीडीसीएल	2,09,00,000
4.	14.04.2015	विद्युत विभाग, डीएनएचपीडीसीएल (पारेषण प्रभाग)	7,00,000
	12.02.2016	विद्युत विभाग, डीएनएचपीडीसीएल (पारेषण प्रभाग)	10,00,000
5.	05.02.2016	विद्युत विभाग, लक्षद्वीप	1,26,983
	कुल		**3,06,94,983**

• वित्त वर्ष 2016–17 के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क

क्र. सं.	**प्राप्ति की तिथि**	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/अन्य**	**राशि (रु. में)**
1.	28.03.2016	विद्युत विभाग, लक्षद्वीप	1,69,000
2.	31.03.2016	विद्युत विभाग, पुदुच्चेरी	1,39,94000
	कुल		**1,41,63000**

• वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए याचिका शुल्क

याचिका शुल्क के रूप में कुल रु. 2,39,03,303 (दो करोड़ उन्तालीस लाख तीन हजार तीन सौ तीन रुपए) प्राप्त किए गए जिसका विवरण अनुलग्नक–3 में दिया गया है।

5. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना का विवरण

श्री डी.आर. परमार, निदेशक (इंजीनियरिंग) को आयोग के जन सूचना अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया था। वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त किए गए आवेदन और निपटाए गए आवेदनों का विवरण निम्नानुसार है:

प्राप्त आवेदन	10
आवेदन	10
आवेदन जिसमें सूचना अस्वीकार की गई	Nil

6. आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना

6.1 वार्षिक राजस्व आवश्यकता और शुल्क का निर्धारण

आयोग वार्षिक कार्यनिष्पादन समीक्षा और पिछले वित्तीय वर्ष के लिए परिणाम और सात वितरण लाइसेंसधारियों के लिए वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए शुल्क का निर्धारिण करेगा। आयोग वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए व्यवसाय कार्य आदेश की तुलना में शुल्क निर्धारण प्रक्रिया के भाग के रूप में वास्तविक कार्यनिष्पादन की भी समीक्षा करेगा।

6.2 उत्पादन एवं पारेषण शुल्क आदेश

वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए पीपीसीएल हेतु उत्पादन शुल्क आदेश एवं ईडी–डीएनएच हेतु पारेषण शुल्क आदेश जारी किया जाना प्रस्तावित है।

6.3 वित्तीय वर्ष 2016–17 और 2017–18 के दौरान समान्य सौर शुल्क

आयोग जेईआरसी के क्षेत्राधिकार के अधीन सभी वितरण लाइसेंसधारियों के लिए वित्तीय वर्ष 2016–17 और 2017–18 के दौरान लागू समान्य सौर शुल्क आदेश जारी करेगा।

6.4 विनियमनों में संशोधन

28.01.2016 को संशोधित शुल्क नीति के आधार पर विनियमनों को संशोधित किया जा रहा है और यदि आवश्यक हुआ तो वित्तीय वर्ष के दौरान संशोधित किए जा सकते हैं।

6.5 राज्य सलाहकार समिति बैठक

जेईआरसी (राज्य सलाहकार समिति), विनियमन, 2009 के प्रावधानों के अनुसरण में राज्य सलाहकार समिति की नियमित बैठकों की योजना बनाई जा रही है । वित्तीय वर्ष 2016–17 में समिति की दो बैठकें निर्धारित की गई हैं।

अनुलग्नक-1

सभी संघ राज्य क्षेत्र में सीजीआरएफ का विवरण

क्र. सं.	सीजीआरएफ का नाम	सदस्य का नाम	पदनाम	कार्यालय पता	सम्पर्क नं.	ई–मेल
1	गोवा	1. श्री डी.जी. देशपाण्डे 2. रिक्त 3.श्रीमती सान्द्रा वेज ई कोरिया	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य	विद्युत भवन, चौथा तल, केटीसी स्टेंड के नजदीक, मुंडवेल, वोस्को डि गामा, गोवा–403802	08007275779 0832-2501836 09422063637	dgdeshpande24@gmail.com adv.sandracorreia@gmail.com
2	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	1. श्री यामीन मोहम्मद मुरतजा 2. रिक्त 3. श्री बासुदेव दास	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य	विद्युत उपभोक्ता शिकायत निपटान मंच, हॉर्टिकल्चर रोड, हड्डो (पीओ) अंडमान एवं निकोबाद द्वीप समूह	09434289754 03192-244822(O) 09679507141	Cgrf.and@nic.in andcgrf@rediffmail.com
3	चंडीगढ़	1.श्री आर.के.अरोड़ा 2. श्री राम लक्ष्मण मित्तल 3. श्री जी.डी. सैनी (20.11.2015 तक)	अध्यक्ष नामांकित सदस्य सदस्य	कमरा नं. 531 एवं 530, पांचवा तल,. यूटी सचिवालय, डिलक्स बिल्डिंग, सैक्टर–9डी, चंडीगढ़	09357156161 (0172-2745531) 08872441999	chairpersoncgrf@gmail.com
4	दमन एवं द्वीव	1. श्री ए.पी. वागमरे 2. श्री टी.डी. दावडा 3. श्री एम.एन. कुलकर्णी	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य	विद्युत विभाग, पावर हाउस बिल्डिंग, सी फेसिंग रोड, नानी, दमन–395210	09833849653 09978228900 09969143683	anil.india28@gmail.com tarundavda@rediffmail.com
5	दादर एवं नागर हवेली	1. श्री बी.एन. मेहता 2. श्री चन्द्रकांत एम. पारेख 3.रिक्त	अध्यक्ष नामांकित सदस्य सदस्य	विद्युत विभाग, दादर एवं नागर हवेली, 66केवी स्टेषन, अमली रोड, सिलवासा–396230	09825400184 09824110521	chairperson-cgrf@rediffmail.com
6	लक्षद्वीप	1. श्री एम.एन. चन्द्रन 2 श्री पी. अमीर 3. रिक्त	अध्यक्ष नामांकित सदस्य सदस्य	विद्युत सीजीआरएफ, पावर हाउस के नजदीक, कवाराती, लक्षद्वीप संघ राज्य– 682555	9446141777 9995370504	Lk-ktelect@nic.in
7	पुदुच्चेरी	1.श्री के रामासुब्रमणियण 2. श्री डी. गुणाशेकरण 3. श्री जी. वेंकटेशन	अध्यक्ष सदस्य नामांकित सदस्य	नं. 6, 17वां क्रॉस स्ट्रीट, अन्ना नगर, पुदुच्चेरी–605 005	0413-2201351 0413-2201451	cgrfpon@gmail.com

अनुलग्नक-2

वित्तीय वर्ष के दौरान विद्युत लोकपाल द्वारा निपटाई गई शिकायतें/अपील

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	प्रतिनिधित्व संख्या	विषय मामला	टिप्पणी
गोवा	01	1. बिल विवाद	1. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी
चंडीगढ़	02	1. बिल विवाद 2. मीटर तेज चलना (खराब मीटर) 3. मीटर तेज चलना (खराब मीटर) 4. अधिक बिल (बिल विवाद) 5. मीटर तेज चलना (खराब मीटर) 6. मीटर तेज चलना (खराब मीटर) 7. बिल विवाद 8. अधिदेश को लौटाना 9. लोड के अधीन अधिक प्रभार की समीक्षा (बिल विवाद) 10. लोड के अधीन अधिक प्रभार की समीक्षा (बिल विवाद) 11. कनेक्टेड लोड का विस्तार 12. अधिक राशि को लौटाना 13. विलंब शुल्क में छूट देने के लिए अनुरोध 14. दण्ड लगाई गई राशि को लौटाने हेतु अनुरोध 15. नया कनेक्शन 16. विविध प्रभार में छूट देने के लिए अनुरोध 17. बिल विवाद 18. बिल विवाद 19. विविध प्रभार में छूट हेतु अनुरोध 20. बिल विवाद	1. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 2. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 3. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 4. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 5. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 6 दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 7. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 8. लाइसेंसधारी और उपभोक्ता के बीच आपसी सहमति से निपटान 9. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 10. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 11. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 12. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 13. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 14. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 15. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 16. दाखिल और लाइसेंसधारी के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 17. दाखिल और लाइसेंसधारी के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 18. दाखिल और लाइसेंसधारी के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 19. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी 20. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला/आदेश जारी

राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	प्रतिनिधित्व संख्या	विषय मामला	टिप्पणी
दादर एवं नागर हवेली	01	1. सर्विस कनेक्शन को हटाना	1. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला / आदेश जारी
पुदुच्चेरी	05	1. खराब मीटर 2. नया कनेक्शन 3. अलग सर्विस कनेक्शन को हटाना 4. खराब मीटर 5. अधिक बिल	1. लाइसेंसधारी और उपभोक्ता के बीच आपसी सहमति से निपटान 2. दाखिल और लाइसेंसधारी के पक्ष में फैसला / आदेश जारी 3. दाखिल और लाइसेंसधारी के पक्ष में फैसला / आदेश जारी 4. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला / आदेश जारी 5. दाखिल और उपभोक्ता के पक्ष में फैसला / आदेश जारी
अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	01	1. कम वोल्टेज की समस्या	1. लाइसेंसधारी और उपभोक्ता के बीच आपसी सहमति से निपटान

परिशिष्ट–3

वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान प्राप्त याचिका शुल्क

क्र. सं.	प्राप्ति की तिथि	याचिकाकर्ता / विद्युत विभाग (ईडी)	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / अन्य)	राशि (रु. में)
1.	09.04.15	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	एमवाई याचिका दाखिल करने के लिए समय के विस्तार के लिए शुल्क	10,000/-
2.	18.05.15 22.05.15	मैसर्स वैलनून पॉलीस्टर लिमिटेड	दमन एवं द्वीव के लिए जेईआरसी टी.ओ. दिनांक 31.03.15 में अधिसूचित क्रॉस सब्सिडी अधिभार निर्धारण की समीक्षा के लिए शुल्क	10,000/- 15,000/-
3.	22.05.15	मैसर्स रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लि.	विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86 (1) के अंतर्गत याचिका	5,00,000/-
4	18.05.15	मैसर्स शिवशक्ति ऊर्जा प्रा. लि.	पी. नं. 151/2014 के मामले में आदेश दिनांक 01.04.15 की सत्यापित प्रति के लिए शुल्क	663/-
5.	27.05.15	मैसर्स जुआरी फूड्स एवं फ्रेम्स प्रा. लि. एवं ट्रॉपिकल मशरूम्स प्रा. लि.	शुल्क आदेश दिनांक 06.04.15 के अधीन पुर्नविचार याचिका के लिए शुल्क	25,000/-
6.	27.05.15	ईडी–चंडीगढ़	प्रशुल्क आदेश वित्त वर्ष 15–16 दिनांक 10.04.15 के संबंध में पुर्नविचार याचिका	72,550/-
7.	05.06.15	मैसर्स ट्रेवल एंड टयूरिज्म एसोसिएशन ऑफ गोवा, रिविरा डे गोवा रेजार्ट एवं नानू रिजार्ट प्रा. लि.	प्रशुल्क आदेश दिनांक 06.04.15 के अधीन पुर्नविचार याचिका के लिए शुल्क	25,000/-
8.	05.06.15	मैसर्स ग्रेस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.	एपीपीसी–सोलर पावर के लिए अनुरोध हेतु शुल्क	1,000/-
9.	01.06.15	ईडी–गोवा	प्रशुल्क आदेश दिनांक 06.04.15 के अधीन पुर्नविचार याचिका	77,000/-
10.	08.06.15 26.06.15	मैसर्स जय भुवन बिल्डर्स प्रा. लि. गोवा	प्रशुल्क आदेश दिनांक 06.04.15 के अधीन पुर्नविचार के लिए शुल्क	25,000/- 25,000/-
11.	08.06.15 26.06.15	मैसर्स एलकॉन सीमेंट कम्पनी लि. एवं काउंटो माइक्रोफाइन प्रोडक्ट्स प्रा. लि.	प्रशुल्क आदेश दिनांक 06.04.15 के अधीन पुर्नविचार याचिका के लिए शुल्क	25,000/- 25,000/-

क्र. सं.	प्राप्ति की तिथि	याचिकाकर्ता / विद्युत विभाग (ईडी)	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / अन्य)	राशि (रु. में)
12.	29.06.15	मैसर्स ग्रीन एनर्जी एसोसिएशन	डीएनएच के यूटी द्वारा स्वयं–प्रेरित पी.नं. 61 / 12 में आदेश दिनांक 05.05.14 के गैर–अनुपालन के लिए याचिका	1,000/-
13.	06.07.15	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	ए एंड एन की एमवाईटी याचिका दाखिल करने के लिए समय के विस्तार के लिए शुल्क	10,000/-
14.	06.07.15	मैसर्स सूर्यचक्रा पॉवर कॉरपोरेशन लि., हैदराबाद	जेईआरसी (सीओबी) विनियमन, 2009 के साथ पठित ईए, 2003 की धारा 142 के अंतर्गत याचिका दाखिल करने के लिए शुल्क	5,000/-
15.	10.07.15	मैसर्स ग्रीन एनर्जी एसोसिएशन	डीएनएच के यूटी द्वारा स्वयं–प्रेरित पी.नं. 61 / 12 में आदेष दिनांक 05.05.14 के गैर–अनुपालन के लिए याचिका हेतु शुल्क का अंतर	4,000/-
16.	21.07.15	डीएनएच पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लि.	डीएनएचपीडीसीएल दिनांक 01.04.15 के शुल्क आदेश के लिए समिक्षा याचिका	93,500/-
17.	21.07.15	डीएनएच पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लि.	डीएनएच संघ राज्य क्षेत्र में एलईडी बल्ब हेतु डीईएलपी के कार्यान्वयन के लिए याचिका	10,000/-
18.	06.08.15	डीएनएच पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लि.	डीएनएच संघ राज्य क्षेत्र में एलईडी बल्ब के लिए डीईएलपी के कार्यान्वयन हेतु माननीय आयोग से अनुमोदन लेने हेतु याचिका शुल्क	10,000/-
19.	06.08.15	डीएनएच पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लि.	पुर्नविचार याचिका दाखिल करने के लिए विलंब हेतु माफ करना	20,000/-
20.	18.08.15	ईडी–पुदुच्चेरी	एमवाईटी अवधि वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु शुल्क	1,00,000/-
21.	18.08.15	ईडी–दमन	एमवाईटी अवधि वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु शुल्क	1,00,000/-

क्र. सं.	प्राप्ति की तिथि	याचिकाकर्ता / विद्युत विभाग (ईडी)	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / अन्य)	राशि (रु. में)
22.	25.08.15	ईडी–चंडीगढ़	एमवाईटी अवधि वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल	10,000/-
23.	25.08.15	डीएनएच पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लि.	वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु शुल्क	1,00,000/-
24.	25.08.15	ईडी–चंडीगढ़	वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु शुल्क	1,00,000/-
25.	01.09.15 16.09.15	मैसर्स रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड	विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86(1) (च) के अंतर्गत याचिका	5,00,000/- 5,00,000/-
26.	01.09.15	मैसर्स मर्क लिमिटेड	मर्क लि. के बायोमास आधारित कैप्टिव पावर प्लांट से ईडी–गोवा तक प्रशुल्क एवं अधिभार विद्युत के लिए याचिका शुल्क	3,00,000/-
27.	08.09.15	ईडी–चंडीगढ़	एमवाईटी वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु विस्तार शुल्क	10,000/-
28.	16.09.15	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु शुल्क	1,00,000/-
29.	16.09.15	ईडी–गोवा	वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु समय के विस्तार हेतु शुल्क	20,000/-
30.	16.10.15	ईडी–गोवा	वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु शुल्क	1,00,000/-
31.	17.10.15	ईडी–गोवा	वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु समय का विस्तार	20,000/-
32.	30.10.15	ईडी–पुदुच्चेरी	एनएलसी के साथ होने वाले पीपीए के अनुमोदन हेतु शुल्क	2,00,000/-
33.	30.10.15	मैसर्स एसोसिएशन ऑफ पॉलीस्टर कंटीन्यूअस पॉलीमिरिजेशन इंडस्ट्रीज ऑफ डीएनएच	डीएनएच (पारेषण प्रभाग) के वित्तीय वर्ष 15–16 के लिए जेईआरसी आदेश दिनांक 30.03.15 की समीक्षा के लिए शुल्क	25,000/-

क्र. सं.	प्राप्ति की तिथि	याचिकाकर्ता / विद्युत विभाग (ईडी)	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / अन्य)	राशि (रु. में)
34.	19.11.15	ईडी–लक्षद्वीप	व्यवसाय योजना दाखिल करने के लिए समय के विस्तार के लिए शुल्क	20,000/-
35.	30.11.15	मैसर्स एसोसिएशन ऑफ पॉलीस्टर कंटीन्यूअस पॉलीमिरिजेशन इंडस्ट्रीज ऑफ डीएनएच	डीएनएच (पारेषण प्रभाग) के वित्तीय वर्ष 15–16 के लिए जेईआरसी आदेश दिनांक 30.03.15 की समीक्षा के लिए शुल्क	20,000/-
36.	14.12.15	मैसर्स सिलवासा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन	अप्रैल–12 से मार्च–15 के बीच की अवधि से संबंधित अतिरिक्त एफपीपीसीए की उगाही को राकने हेतु शुल्क	5,000/-
37.	14.12.15	मैसर्स सिलवासा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन	इस निर्देष के लिए आवेदन हेतु शुल्क कि एफपीपीसीए संषोधित करने का प्रतिवादी का कार्य निर्धारित सूत्र के विरूद्ध है	5,000/-
38.	14.12.15	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु समय के विस्तार हेतु शुल्क	20,000/-
39.	14.12.15	पुदुच्चेरी पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड	वित्तीय वर्ष 16–17 के लिए प्रशुल्क देरी याचिका दाखिल करने हेतु को माफ करने हेतु शुल्क	20,000/-
40.	16.12.15	ईडी–लक्षद्वीप	वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु शुल्क	1,00,000/-
41.	11.01.16	पुदुच्चेरी पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड	वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए व्यवसाय योजना दाखिल करने हेतु शुल्क	15,00,000/-
42.	11.01.16	ईडी–पुदुच्चेरी	नियंत्रण अविध वित्तीय वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए एमवाईटी याचिका दाखिल करने हेतु शुल्क नियंत्रण अवधि वित्तीय	23,66,310/-
43.	13.01.16	ईडी–लक्षद्वीप	वर्ष 16–17 से वित्तीय वर्ष 18–19 के लिए एमवाईटी याचिका दाखिल करने हेतु शुल्क	10,00,000/-
44.	20.01.16	मैसर्स सिलवासा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन	अप्रैल–2012 से मार्च–2015 के बीच की अवधि से संबंधित अतिरिक्त एफपीपीसीए की उगाही को राकने हेतु शुल्क	5,000/-
45.	21.01.16	ईडी–दमन एवं द्वीव	दमन एवं द्वीव संघ राज्य क्षेत्र के लिए नियंत्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एमवाईटी याचिका एवं वित्त वर्ष 2016–17 के लिए प्रशुल्क प्रस्ताव दाखिल करने हेतु शुल्क	18,00,470/-

क्र. सं.	प्राप्ति की तिथि	याचिकाकर्ता / विद्युत विभाग (ईडी)	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / अन्य)	राशि (रु. में)
46.	21.01.16	डीएनएच पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लि.	नियंत्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एमवाईटी याचिका एवं वित्त वर्ष 2016–17 के लिए प्रशुल्क प्रस्ताव दाखिल करने हेतु शुल्क	58,12,590/-
47.	30.01.16	ईडी–डीएनएच (पारेशण प्रभाग)	वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए ईडी–डीएनएच पारेषण प्रभाग के लिए एआरआर याचिका और प्रशुल्क प्रभार	20,00,000/-
48.	16.02.16	ईडी–गोवा	वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एमवाईटी याचिका एवं वित्त वर्ष 2016–17 के लिए प्रशुल्क प्रस्ताव दाखिल करने हेतु शुल्क	33,51,810/-
49.	16.02.16	ईडी–गोवा	नियंत्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एमवाईटी याचिका एवं वित्त वर्ष 2016–17 के लिए प्रशुल्क प्रस्ताव दाखिल करने हेतु समय के विस्तार के लिए शुल्क	20,000/-
50.	17.02.16	ईडी–अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	नियंत्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एमवाईटी याचिका एवं वित्त वर्ष 2016–17 के लिए प्रशुल्क प्रस्ताव दाखिल करने हेतु शुल्क	10,00,000/-
51.	03.03.16	ईडी–चंडीगढ़	नियंत्रण अवधि वित्तीय वर्ष 2016–17 से वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एमवाईटी याचिका एवं वित्त वर्ष 2016–17 के लिए प्रशुल्क प्रस्ताव दाखिल करने हेतु शुल्क	16,17,410/-
52.	30.03.16	मैसर्स सूर्यचक्रा पावर कॉरपोरेशन लि.	याचिका सं. 174 / 2015 में पहले सुनवाई के लिए आवेदन	5,000/-
53.	30.03.16	ईडी–पुदुच्चेरी	माननीय आयोग से अनुमोदन चाहने हेतु मिश्रित याचिका दाखिल करने का शुल्क	20,000/-
54.	30.03.16	ईडी–चंडीगढ़	ड्राफ्ट सोलर नेट / सकल मीटरिंग विद्युत खरीद समझौते के अनुमोदन के लिए याचिका	20,000/-
55.	30.03.16	ईडी–चंडीगढ़	रु. 10 करोड़ से अधिक राशि के 03 नग 66 केवी वर्क्स के लिए पूंजी व्यय के अनुमोदन हेतु याचिका	20,000/-
			TOTAL	**2,39,03,303**

JOINT ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION

(FOR THE STATE OF GOA & UNION TERRITORIES)

Joint Electricity Regulatory Commission
(For the State of Goa and Union Territories)

2nd Floor, HSIIDC Complex, 'Vanijya Nikunj',
Udyog Vihar, Phase-V, Gurgaon-122016 (Haryana)
E-mail: secy-jerc@nic.in
Website: www.jercuts.gov.in

Contents

S.No.	Content	Page No.
	From the Desk of the Chairman	
1.	**Organizational Setup of the Commission**	2
1.1	Introduction	3
1.2	Profile of the Members of the Commission	4-5
1.3	Office of the Commission	6
1.4	Organization Chart	7
2.	**Role of the Commission under the Electricity Act, 2003**	
2.1	The Preamble to the Act	8
2.2	The Functions mandated to the Commission	8-9
3.	**Highlights of the Financial Year 2015-16**	
3.1	Framing/Amendment of new Regulations	10
3.2	Business Plan & ARR for the First Control period and the Tariff determination	11-12
3.3	Important parameters of the electricity utilities under jurisdiction of JERC	13
3.4	State Advisory Committee Meetings	14
3.5	Status of Petitions	15
3.6	Adjudication of Disputes and Differences	16-18
4.	**Annual Accounts**	
4.1	Income and Expenditure statement	19-20
4.2	Fees and Charges	21
5.	**Information under the Right to Information Act, 2005**	21
6.	**Work Plan for year ahead**	23
7.	**Annexure**	23-30

From the Desk of Chairman

Joint Electricity Regulatory Commission (for the State of Goa and Union Territories) ever since it came into existence in August, 2008 has been striving to fulfill the duties and responsibilities assigned to it under the Electricity Act, 2003. In its journey of more than 7 years, it has effectively performed the role of monitoring the performance of the utilities, while balancing the interest of all the stakeholders and consumers, be it retail or bulk consumers.

The Commission continued its journey in a proactive manner and reached new heights during the financial year 2015-16 in its efforts to further improve the regulatory framework for the power sector of the State of Goa and Union Territories.

The Commission framed the Multi-Year Distribution Regulations, 2014 according to which the licensees were directed to submit their Petitions for Tariff determination and Business Plan for the period from FY 2015-16 to FY 2017-18 last year. However, due to non-availability of adequate data in the Petitions filed by the licensees, the Commission decided to defer the implementation of the MYT regime by one year. During the current year, the Commission received the Petitions for Business Plan & Tariff determination from all the licensees and successfully issued the Business Plan Orders and Tariff Orders for the first Control period from FY 2016-17 to FY 2018-19 after conducting the Public Hearings at the respective State and UTs of the licensees.

